POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 21.08.2025

1. थाना सेक्टर-58 पुलिस व वाहन चोर/मोबाईल स्नैचर बदमाश के बीच हुयी पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध में-

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **21.08.2025** की रात्रि में **थाना सेक्टर-58, पुलिस** द्वारा चौराहा से एनआईओएस जाने वाले रास्ते पर सेक्टर-62, नोएडा पर चैकिंग की जा रही थी तभी सामने से एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हें रूकने का ईशारा किया गया लेकिन वह नहीं रूके बल्कि मोटरसाइकिल मोडकर भागने का प्रयास करने लगें तथा मोटर साइकिल डिवाइडर से टकराने के बाद गिर गई। अपने को पुलिस से घिरा देख आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसकी पहचान धीरेन्द्र उर्फ लम्बू उर्फ धीरज परिहार पुत्र अंगद परिहार निवासी ग्राम कुमेटा थाना बिंवार जिला हमीरपुर हाल पता ग्राम छिजारसी थाना सेक्टर-63, नोएडा, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 26 वर्ष के रूप में हुयी है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक मो0सा0 पेशन प्रो रजि0 नं0 डीएल 3एस ईवी-5996 व एक तमंचा .315 बोर मय 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर नाजायज बरामद हुआ तथा दुसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसका नाम अमन बताया। अभियुक्त को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया है तथा दूसरे अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में कॉम्बिंग की जा रही है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास व घटना के बारे में विस्तुत पूछताछ की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-- पूछताछ में अभियुक्त धीरेन्द्र उर्फ लम्बू उर्फ धीरज परिहार उपरोक्त ने बताया कि मै व फरार साथी अमन के साथ मिलकर चोरी की मोटर साईकिल पर सवार होकर राहगीरो को तमंचा दिखाकर मारपीट कर मोबाईल फोन व पैसे छीनने व मोटर साईकिल चोरी करने का काम करते है। बरामद मो0सा0 पेशन प्रो रजि0 नं0 डीएल 3एस ईवी-5996 को तुलगकाबाद दिल्ली से माह अप्रैल 2023 में चोरी किया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना ई-पुलिस स्टेशन एमवी थेफ्ट क्राईम ब्रांच दिल्ली पर एफआईआर नं0 012066/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है तथा यह भी बताया कि मै व मेरा साथी अमन ने मिलकर मो0सा0 पर सवार होकर लगभग 01 माह पहले निरूपम वाटिका सी ब्लाक सेक्टर-62 के पास रात्रि में टहल रहे एक व्यक्ति से उसका मोबाईल फोन आईफोन-14 को छीना था जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर-58, नोएडा पर मु0अ0सं0-266/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत है।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त धीरेन्द्र उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0-387/2023 धारा-392, 411 भादवि थाना से0-49, नोएडा
2. मु0अ0सं0-391/2023 धारा-25/3 आर्म्स एक्ट थाना से0-49, नोएडा
3. मु0अ0सं0-122/2024 धारा-457, 380, 411 भादवि थाना फेस-3, नोएडा
4. मु0अ0सं0-124/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना फेस-3, नोएडा

5. मु0अ0सं0-279/2024 धारा-304(2) बीएएस थाना फेस-3, नोएडा

6. मु0अ0सं0-285/2025 धारा-109(1), 317(2), 317(5) बीएनएस व 2/25/27/3/9 आर्म्स एक्ट थाना फेस-3, नोएडा

7. मु0अ0सं0-1264/2021 धारा-379, 411 भादवि थाना फेस-3, नोएडा

8. मु0अ0सं0-546/2024 धारा-115(2), 351(2), 352 बीएनएस थाना सेक्टर-63, नोएडा

9. मु0अ0सं0-67/2025 धारा-305(ए), 317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-113, नोएडा

10. मु0अ0सं0-73/2025 धारा-109, 317(2), 317(4), 317(5), 352 बीएनएस व 25/27/3/4 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-113, नोएडा

11. मु0अ0सं0 1413/2017 धारा 379/411 भादवि थाना इंदिरापुरम गाजियाबाद

12. मु0अ0सं0 376/2021 धारा 307/323/353/411 भादवि थाना खंदौली जनपद आगरा

13. मु0अ0सं0 377/2021 धारा 279/337 भादवि थाना खंदौली जनपद आगरा

14. एफआईआर नं0 012066/2023 धारा 379 भादवि थाना ई-पुलिस स्टेशन एमवी थेफ्ट क्राईम ब्रांच दिल्ली

15. मु0अ0सं0-266/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा

2. थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा फर्जी प्रॉपर्टी डीलर बनकर किराये के फ्लैट दिखाकर धोखाधडी से पैसे लेने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

कार्यवाही का विवरण-- थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा दिनांक **21.08.2025** को म्यू-2 सोसाईटी के गेट के पास से अभियुक्त सुमित यादव पुत्र हरवीर सिंह को **गिरफ्तार** किया गया है, अभियुक्त सुमित यादव द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर अपना नाम पता बदलकर एवं फर्जी प्रोपर्टी डीलर का आधार कार्ड व आईडी बनाकर कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चो व आम जनता के व्यक्तियों के नाम पते मोबाईल आदि को ओएलएक्स एप्प के माध्यम से प्राप्त कर उनसे सम्पर्क कर उन्हें फ्लैट किराये पर दिखाकर उनके साथ धोखाधडी कर एंडवास रुपये प्राप्त किये जाते थे , अभियुक्त सुमित उपरोक्त के द्वारा शिकायतकर्ता को मिग्सन विलासा सोसाईटी में फ्लैट किराये पर दिलाने के नाम पर 81,500/- रुपये धोखाधडी कर हड़प लिये गये है जिसके सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा थाना सूरजपुर पर मु0अ0सं0- 472/2025 धारा 318(4)(/316(2)/352/351(3) बीएनएस व धारा 66डी आईडी एक्ट पंजीकृत कराया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

सुमित यादव पुत्र हरवीर सिंह निवासी ग्राम विडिसरा जिला शिकोहाबाद हाल पता दाता राम बिल्डिंग रेलवे रोड दादरी थाना दादरी गौतमबुद्धनगर उम्र 22 वर्ष

अभियोग का विवरण-- मु0अ0सं0- 472/2025 धारा 318(4)(/316(2)/352/351(3) बीएनएस व धारा 66डी आईडी एक्ट थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर।